## न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्डाधिकारी, नोहर जिला हनुमानगढ

पीठासीन अधिकारी का नाम : राहुल श्रीवास्तव (आई0ए0एस0)

प्रकरण संख्या – 158/2024

अनवान : –

1. बलवीर सिंह पुत्र रणजीत सिंह जाति जाट निवासी रायसिंहपुरा तहसील नोहर।

– सायल

**बनाम्**

1. दर्शना देवी पत्नी कृष्ण कुमार जाति जाट निवासी रायसिंहपुरा तहसील नोहर।
2. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार राजस्व नोहर तहसील नोहर।
3. उप पंजीयक कार्यालय नोहर तहसील नोहर।

– गैरसायालान

**प्रार्थना पत्र अस्थाई निषेधाज्ञा**
**अन्तर्गत धारा 212 आर.टी.एक्ट.**

उपस्थिति :– 1. श्री रविन्द्र कुमार गोदारा अधिवक्ता सायल
2. श्री विजयसिंह कड़वासरा अधिवक्ता गैरसायल

**निर्णय** दिनांकः 29/10/25

संक्षेप में तथ्य इस प्रकार से है कि प्रार्थी ने जरिये अधिवक्ता यह प्रार्थना पत्र अस्थाई निषेधाज्ञा अन्तर्गत धारा 212 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 के तहत इस आशय का पेश किया है कि रोही मौजा रायसिंहपुरा तहसील नोहर के जमाबंदी सम्वत 2074–77 के खाता स0 195/194 की कुल 5.1470 हैक्ट भूमि में सायल व गैरसायलान मुश्तरका खातेदार काश्तकार दर्ज राजस्व रिकार्ड है।

मुश्तरका खाता की भूमि में प्रत्येक इंच भूमि पर प्रत्येक काश्तकार का हक हिस्सा होता है। लेकिन गैरसायल संख्या 1 आबादी के नजदीक खसरा नं. 184/2, 185, 247/2 में काबिज होकर बिना किस्म परिवर्तन करवाये प्लोटिंग व स्थाई निर्माण कर छोटे–छोटे टुकड़ो के रूप में बेचान कर करने की फिराक में है तथा सायल के कब्जा काश्त में जबरिया दखल देना चाहती है एवं सींव डोल से सम्बन्धित विवाद करती रहती है इसलिए सायल विवाद को टालने की गर्ज से वादग्रस्त भूमि का मुताबिक किस्म अच्छी में से अच्छी व माड़ी में से माड़ी के अनुसार खाता व लगान अलग–अलग तकसीम करवाना चाहता है। गैरसायला संख्या 1 जो कि काफी तेज तर्रार है तथा उपरोक्त भूमि का बिना खाता विभाजन करवाये व बिना किस्म परिवर्तन करवाये खसरा नं. 184/2, 185, 247/2 में काबिज होकस्प्लोटिंग व स्थाई निर्माण कर छोटे–छोटे टुकड़ो के रूप में बेचान करने की धमकी देती है यदि गैरसायला संख्या 1 अपनी योजना में कामयाब हो जाती है तो सायल को अपूर्णिय क्षति होगी जिसकी बाद में किसी भी सूरत में पूर्ति नहीं हो सकेगी इसलिए सायल गैरसायला संख्या 1 को जरिये अस्थाई निषेधाज्ञा पाबंद करवाना पाने का अधिकारी है कि वह बिना खाता विभाजन करवाये व बिना किस्म परिवर्तन करवाये वादग्रस्त भूमि में किसी प्रकार का निर्माण नहीं करे तथा मौका व रिकार्ड की यथा स्थिति बनाये रखे।

Signature Not Verified
Digitally signed by Rahul Srivastava
Date: 2025.11.04 16:32:39 IST
Reason: SelfAttested

Rahul
उपखण्ड अधिकारी
नोहर

